कक्षा क्रमांक 18
कक्षा 10-ए
पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल
जहांगिराबाद, सूरत

11 अगस्त 2025

प्रधानाचार्य
पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल
सुरत

विषय : विद्यालय में खेल सामग्री की कमी के संबंध में

महोदय,

मैं यह पत्र कक्षा 10-ए के छात्रों की ओर से लिख रही हूँ ताकि आपके ध्यान में यह बात लाई जा सके कि हमारे विद्यालय में पर्याप्त खेल उपकरणों की कमी है।

हमारे विद्यालय में शारीरिक शिक्षा और खेलों को समग्र विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। लेकिन हाल ही में खेल अवधि और अभ्यास सत्रों के दौरान हमें बुनियादी उपकरणों की कमी के कारण कठिनाईओं का सामना करना पड़ रहा है। कई क्रिकेट बेट टूट चुके हैं, फुटबॉल फट चुके हैं, और बैडमिंटन रैकेट व ~~शक~~ शटलकॉक्स की संख्या भी पर्याप्त नहीं है।

इस उपकरणों की कमी से न केवल हमारी खेलों की

VISION

आनंददायक गतिविधियाँ प्रभावित हो रही हैं, बल्कि अंतर-विद्यालयी प्रतियोगिताओं की तैयारी भी बाधित हो रही है। कई छात्र भाग लेने के इच्छुक हैं, लेकिन अभ्यास की उचित सुविधा न होने के कारण वे तैयारी नहीं कर पा रहे हैं।

हम विनम्रतापूर्वक आपसे अनुरोध करते हैं कि कृपया शीघ्र ही नए खेल उपकरणों की व्यवस्था करें। आपका सहयोग हमें अपनी प्रतिभा को निखारने, सक्रिय रहने और खेलों के माध्यम से विद्यालय का नाम रोशन करने में मदद करेगा।

आपकी सहायता के लिए हम सदा आभारी रहेंगे।

आपकी आज्ञाकारी छात्रा,
काव्याबा राठोड़

23 शिवाजी नगर
नागपुर
महाराष्ट्र

6 अगस्त 2025

मानव संसाधन प्रबंधक
टेकसॉफ्ट सॉल्यूशन्स प्रा. लि.
पूने , महाराष्ट्र

विषय : कंप्यूटर ऑपरेटर के पद के लिए आवेदन

मान्यवर / मान्यवरा,

मैं आपके प्रतिष्ठान में उपलब्ध कंप्यूटर ऑपरेटर के पद हेतु आवेदन करना चाहती हूँ। यह विज्ञापन मैंने आपके वेबसाइट पर देखा था।

मैंने अपनी उच्च माध्यमिक शिक्षा पूर्ण कर ली है और कंप्यूटर एप्लिकेशन में प्रमाणपत्र कोर्स किया है। मैंने एम.एस. ऑफिस, डेटा एंट्री, डेटाबेस प्रबंधन, और बुनियादी तकनीकी समस्याओं को हल करना सिखा है।

मैं ऑपरेटिंग सिस्टम, फाइल हैंडलिंग और ऑफिस सॉफ्टवेयर में कुशल हूँ, और मैं सटिकता के साथ अच्छि टाइपिंग गति रखती हूँ। मैं रिकॉर्ड्स का प्रबंधन, डेटा प्रोसेसिंग और दिन-प्रतिदिन के डिजीटल कार्यों को संभालने में सक्षम हूँ।

मैं एक अनुशासित, मेहनती और सिखने के लिए तत्पर व्यक्ति हूँ। आपकी कंपनी की कार्य संस्कृति और तकनीकी विकास के प्रति मेरी विशेष रुची है। मुझे विश्वास है कि मैं आपके संगठन में योगदान दे सकती हूँ।

मैं आपसे निवेदन करती हूँ कि कृपया मुझे साक्षात्कार का अवसर प्रदान करें ताकि मैं अपनी योग्यताओं को और विस्तार से बता सकूँ।

आपके उत्तर की प्रतीक्षा रहेगी।

आपकी विश्वासपात्र,
काव्याबा राठोड़